मैं राधे राधे गाके रहती हूँ मैं मस्ती में भजन लिरिक्स

मैं राधे राधे गाके,
रहती हूँ मैं मस्ती में,
सब छोड़ के आई हूँ,
राधे तेरी बस्ती में।**lbd।**

जब से तूने संभाला,
बड़ी मौज हो रही है,
करुणा की तेरी बारिश,
हर रोज़ हो रही है,
आने लगी है रौनक,
राधे तेरी मस्ती में,
सब छोड़ के आई हूँ,
राधे तेरी बस्ती में।**lbd।**

जैसे दया की प्यारी,
ये लहर जो बढ़ रही है,
तेरे नाम की खुमारी,
मुझ पर भी चढ़ रही है,
मैं नाच नाच गाऊं,
तेरे प्रेम की मस्ती में,
सब छोड़ के आई हूँ,
राधे तेरी बस्ती में।**lbd।**

दुनिया से क्या है लेना,
ना कोई अब गिला है,
कहती 'यशोदा दासी',
तेरा साथ जब मिला है,
मेरा तो जीना मरना,
सब हो तेरी बस्ती में,
सब छोड़ के आई हूँ,
राधे तेरी बस्ती में।**lbd।**

मैं राधे राधे गाके,
रहती हूँ मैं मस्ती में,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सब छोड़ के आई हूँ,
राधे तेरी बस्ती में।bd।

Singer – Pandit Neeraj Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com